प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
25.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों को देशभर में सर्वश्रेष्ठ बनाया जाएगा और इसके लिए राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर बदलाव किए हैं। उन्होंने आज हाल ही में स्तरोन्नत किए गए सी.बी.एस.ई. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल छोटा शिमला में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से सी.बी.एस.ई. प्रणाली को लेकर भी सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटा शिमला स्कूल में इस वर्ष 30 जून से पहले अध्यापकों के सभी खाली पद भर दिए जाएंगे और सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को अब अधिक विषयों का विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक मेहनती व सक्षम होते हैं और उनकी नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से होती है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों से 5 जून को शिमला में होने वाली एंटी चिट्टा रैली में भाग लेने का आह्वान किया।

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव के तहत कल एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पंचायत प्रधान, उप–प्रधान और वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू होगी और कल शाम तक इनके नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा ज़िला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन अधिकारी संजीव महाजन ने आज शिमला में बताया कि 8 हज़ार एक सौ 98 अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव डियूटी पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 21 हज़ार 6 सौ 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के लिए दूसरे चरण में 28 मई, जबकि तीसरे चरण में 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

## सोलन चुनाव

सोलन ज़िले में पहले चरण के तहत कल 87 पंचायतों में मतदान होगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िले में कुल 3 लाख 52 हज़ार 9 सौ एक मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सी.सी.टी.वी से निगरानी की जाएगी और इन्हें वैबकास्टिंग से जोड़ा गया है।

## भाजपा–राज्यपाल

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट की और उन्हें इस बारे में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने चुनाव आचार संहिता के बीच मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और कई ऐसे फैसले लिए, जिनका असर पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगमों व नगर पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को प्रभावित करने के लिए नियमों में बदलाव लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। भाजपा ने इन सभी मुद्दों पर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है।

---